Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to Start AMU and other Train Services in Kalahandi Parliamentary Constituency and regarding Stoppage of Samta Express at Nuapada Railway Station

***M01 श्री बसंत कुमार पंडा (कालाहाण्डी)**: माननीय सभापति महोदय, मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं और आभार व्यक्त करता हूं कि आपने मुझे शून्य काल के दौरान बोलने का मौका दिया। मेरा लोक सभा क्षेत्र कालाहांडी और नुआपाड़ा जिले इन दोनों को मिलाकर है तथा दोनों आकांक्षी जिले हैं। यहाँ से प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग चिकित्सा उपचार, छुट्टियाँ मनाने और शादी-विवाह हेतु खरीदारी करने के लिए विशाखापट्टनम आना-जाना करते हैं। कालाहांडी जिला विशाखापट्टनम शहर के ऊपर बहुत निर्भर है। लेकिन यहाँ से विशाखापट्टनम तक कोई सीधी ट्रेन नहीं है, जिसके लिए क्षेत्र के निवासियों को आवागमन में बड़ी कठिनाई होती है इसलिए कालाहांडी जिले के जूनागढ़ से विशाखापट्टनम के लिए प्रतिदिन एक DMU ट्रेन आरम्भ की जाए, जो सुबह जाए और शाम को वापस आ जाये।

मेरा एक और निवेदन यह है कि नुआपाड़ा रेलवे स्टेशन, जो कि एक जिला मुख्यालय है और आकांक्षी जिला है**,** यहाँ से दिल्ली आने के लिए समता एक्सप्रेस ट्रेन आती है, लेकिन वह ट्रेन रुकती नहीं है**,** उसका स्टॉपेज बनाया जाए। लांजीगढ़ वेदांत एल्युमिनियम फैक्ट्री का मुख्य रेलवे स्टेशन है, जहां पर हीराकुंड एक्सप्रेस के स्टॉपेज की भी व्यवस्था की जाए।

अतः मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि इन मांगों पर विचार करें और तुरंत निर्णय लें। धन्यवाद।